# गरिमा 7

## 1. भाषा, लिपि और व्याकरण

'भाषा' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत की 'भाष्' धातु से हुई है जिसका अर्थ है वाणी या आवाज़।

भाषा मनुष्य के विचारों की अभिव्यक्ति तथा भावों के आदान-प्रदान का साधन या माध्यम होती है।

### शिक्षण-संकेत

- ❖ छात्रों से पूछें, भाषा किसे कहते हैं। छात्रों के विचार सुनें।
- ❖ भिन्न-भिन्न उदाहरणों द्वारा भाषा को विस्तार से समझाएँ।
- ❖ पूछें, यदि भाषा नहीं होती तो हम अपनी बात कैसे प्रकट कर पाते?
- ❖ भाषा के रूपों के बारे में बताते हुए छात्रों से मौखिक तथा लिखित भाषा रूप के उदाहरण बताने को कहें।
- ❖ भाषा के कई प्रकारों जैसे– सांकेतिक भाषा, मातृभाषा, राष्ट्रभाषा, राजभाषा तथा मानक भाषा के बारे में बताएँ।
- ❖ भारत की 22 भाषाओं से छात्रों को अवगत कराएँ।
- ❖ बताएँ, 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया था इसलिए प्रतिवर्ष इसी दिन हिंदी दिवस मनाया जाता है। बताएँ, हिंदी किन-किन प्रदेशों में बोली जाती है।
- ❖ समझाएँ, लिपि किसे कहते हैं।
- ❖ लिपि समझाने के लिए ब्लैकबोर्ड पर हिंदी में कोई वाक्य लिखें फिर वही वाक्य अंग्रेज़ी में भी लिखें। यदि कक्षा में किसी छात्र-छात्रा को कोई अन्य भाषा आती हो तो उनसे उस भाषा की लिपि में वाक्य लिखवाया जा सकता है।
- ❖ कुछ प्रमुख लिपियों के बारे में बताएँ।
- ❖ व्याकरण तथा इसकी आवश्यकता के संबंध में छात्रों से पूछें तथा फिर उन्हें समझाएँ।
- ❖ सुनिश्चित करें कि छात्र पाठ में ध्यान दे रहे हैं।
- ❖ व्याकरण के भागों से अवगत कराते हुए इन पर चर्चा करें।
- ❖ 'अब तक हमने सीखा' के द्वारा पाठ की पुनरावृत्ति करवा लें।